

# कारोबार के अभाव में करोड़ों की कृषि उपज मंडी में सन्नाटा

## भारी-भरकम अमला के बाद भी कागजों में कारोबार, सालों से कृषि उपज मंडी बनी शो-पीस

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 जनवरी। शहर के पटेल पुल में स्थित कृषि उपज मंडी में कारोबार न होने से यह पूरी तरह से शो-पीस बनी हुई है। भारी भरकम अमला पदस्थ है लेकिन कारोबार समूचा बड़े व्यवसायियों के मार्फत कागजों में ही संचालित हो रहा है। जिले की कृषि उपज मंडी की हालत वर्षों से बदहाल है। शहर के ऊंची हवेली मोहल्ले में दो एकड़ परिसर में तैयार की गई मंडी किसानों की उपज खरीदने के बजाय पार्किंग स्थल बनकर रह गई है।**

लाखों की लागत से बनाए गए शेड मे आज भी सन्नाटा पसरा है। ना तो किसान, ना ही खरीददार। स्थानीय व्यापारी और आसपास के लोग परिसर का इस्तेमाल चार पहिया वाहन खड़ा करने के लिए करते हैं। करीब तीन दशक पुरानी इस मंडी में 15 सहायक उपनिरीक्षक सहित 22 कर्मचारी पदस्थ है। संचालन के नाम पर सिर्फ टैक्स वसूली की औपचारिकता चल रही है। किसानों की उपज का अधिकतम मूल्य सुनिश्चित कराना,



मंडी तक उपज पहुंचाना और डार्क कराना, ये जिम्मेदारियां कागजों तक सिमटकर रह गई है। नतीजा यह कि किसान ग्रामीण अंचलों में ही अपंजीकृत व्यापारियों के हाथों औने-पौने दाम पर फसल बेंचने को मजबूर है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि मंडी लगभग एक दशक से घाटे में है और कर्मचारियों के वेतन निकालना भी चुनौती बन गया है।

तत्संबंध में चर्चा के दौरान कुछ गल्ला कारोबारियों ने बताया कि व्यवसाय में कुछ बड़े कारोबारियों का दबदबा है। उन्हीं के इशारे पर कृषि उपज मंडी का कारोबार भी सालों से चल रहा है। विभागीय अधिकारी इस मामले में हमेंशा से निष्क्रिय रहे हैं। इनकी दिलचस्पी कभी नहीं रही कि कृषि उपज मंडी परिसर में गल्ला का कारोबार संचालित किया जाए। नतीजन अब किसानों की भी पूरी दूरी कृषि उपज मंडी कार्यालय से बन चुकी है।

खरीफ एवं रबी सीजन में सोसायटी के माध्यम से फसलों की खरीदी की व्यवस्था प्रारंभ हो जाने के बाद से अब तो कृषि उपज मंडी का अधिकांश कारोबार बंद हो चुका है। वरिष्ठ कार्यालयों को जानकारी भेजने का काम भी यहां से होता है। कार्यालय में पदस्थ अन्य कर्मचारी भी जांच के नाम पर कागजी कोरमपूर्ति करने में जुटे हुए हैं।

### साइबर फ्रॉड के चलते किसान ऐप से बना रहे दूरी

सरकार द्वारा मार्च 2023 में लांच फार्म गेट ऐप से किसान घर बैठकर उपज बेच सकें इसके लिए मंडी स्टाफ को लक्ष्य दिए गए थे लेकिन जिले में अब तक करीब 500 किसानों ने ही ऐप डाउनलोड किया है। अधिकारियों का कहना है कि बढ़ते साइबर फ्रॉड के कारण किसान ऐप से दूरी बना रहे हैं। उधर जिले में 108 पंजीकृत व्यापारियों में से आधे से भी कम सक्रिय हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अपंजीकृत व्यापारियों का बोलबाला है, जो किसानों से सस्ता माल खरीदकर पंजीकृत व्यापारियों को बेच देते हैं। मंडी शुल्क तो भर जाता है, लेकिन किसान का आर्थिक नुकसान जारी है।

### खरीदी के समय बिलौलिए होते हैं सक्रिय

फसलों की खरीदी के समय बिचौलिए सबसे ज्यादा सक्रिय हो जाते हैं। कुछ बिचौलिए तो ग्रामीण क्षेत्रों में भी किसानों को प्रलोभन देकर फसलों की खरीदी करते हैं और बाद में बड़े कारोबारियों को बेंच देते हैं। जिला मुख्यालय में संचालित कृषि उपज मंडी में कारोबार आरंभ से ही पूरी तरह से ठप्प है। यदि कोई किसान भूले-भटके अपनी उपज को बेंचने के लिए वहां पहुंच भी जाता है तो उसे बड़े गल्ला कारोबारियों के पास भेज दिया जाता है। यह अवश्य है कि जब तक पुरानी गल्ला मंडी में कृषि उपज मंडी कार्यालय संचालित था उस दौरान समूचा कारोबार वहीं से संचालित होता था। बाद में नई गल्ला मंडी पटेलपुल क्षेत्र में बनने के बाद से ही यह कारोबार को लेकर पूरी तरह से निष्प्रभावी है।

### इनका कहना है

किसानों को फार्म ऐप से घर बैठे उपज बेंचने की सुविधा प्रदान की गई है। उन्हें मंडी में आने की आवश्यकता नहीं है। वैसे बाजार क्षेत्र में मंडी होने के कारण किसानों को पहुंचने में भी परेशानी होती है, इसलिए नहीं आ पाते। परिसर में धान उपार्जन केन्द्र बनाने पत्राचार किया गया है।

**राघवेन्द्र अग्रिहोत्री, सचिव, कृषि उपज मंडी सीधी**



# खनिज के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई संयुक्त दल ने 5 वाहन किए जब्त

## बघवार, मड़वास, मझौली एवं कुसमी का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 जनवरी। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी के निर्देशन में आज जिले में अवैध खनन एवं खनिज परिवहन के विरुद्ध सघन कार्रवाई की गई। क्षेत्रीय उड़नदस्ता प्रभारी बसंत राम एवं जिला खनिज अधिकारी कपिल मुनि शुक्ला के नेतृत्व में खनिज विभाग एवं पुलिस के संयुक्त दल द्वारा बघवार, मड़वास, मझौली एवं कुसमी क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।**

निरीक्षण के दौरान खनिज रेत का अनाधिकृत परिवहन करते पाए गए तीन वाहनों- टाटा 407 क्रमांक एमपी 53 जीए 4365, एमपी 53 जीए 3875 तथा एक बिना नंबर के हाईवा को नियमानुसार जब्त किया गया। जब्त वाहनों को सुरक्षार्थ थाना मड़वास एवं पुलिस चौकी टिकरी में खड़ा कराया गया। इसके अतिरिक्त एक बिना नंबर का हाईवा अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पाए जाने पर जब्त कर थाना मड़वास में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। छापामार कार्रवाई से वापसी के दौरान ग्राम जोगीपुर बाईपास के पास एक बिना नंबर के हाईवा को खनिज स्टोन डस्ट का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया, जिसे जब्त कर पुलिस थाना कोतवाली में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया।


जब्त किए गए वाहनों के मालिकों एवं चालकों के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर दंडात्मक कार्रवाई हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सीधी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही जिन वाहनों में नंबर प्लेट अंकित नहीं पाई गई, उनके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई हेतु जिला परिवहन अधिकारी को पृथक से पत्र भेजा जाएगा। खनिज विभाग एवं पुलिस द्वारा जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए निरंतर एवं प्रभावी संयुक्त कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में प्रभारी खनि निरीक्षक शिशिर यादव एवं देवेन्द्र महोबे सहित पुलिस बल एवं खनिज विभाग के कर्मचारियों की भूमिका सराहनीय रही। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी सतत रूप से जारी रहेगी तथा दोषियों के विरुद्ध प्रचलित नियमों के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पद्मधरपति त्रिपाठी की जयंती पर कंबल एवं फल वितरण आज

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 जनवरी। समय समूह के प्रधान संपादक स्व.पद्मधरपति त्रिपाठी की 56वीं जयंती पर आज 7 जनवरी 2026 को कम्बल एवं फल वितरण किया जाएगा।**

प्रधान संपादक कुशाग्र पति त्रिपाठी ने बताया कि गुरुवार को सुबह 11 बजे समय प्रेस से जन प्रतिनिधि, समाजसेवी, गणमान्य नागरिक जिला अस्पताल सीधी पहुंचेंगे। तत्पश्चात मरीजों को कम्बल एवं फल का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में सहभागी होने की अपील की गई है। मालूम रहे कि प्रधान संपादक स्व. पद्मधर पति त्रिपाठी सहज स्वभाव के साथ ही मिलनसार थे। उनके कार्यालय में इसी वजह से सभी वर्ग के लोगों की आवाजाही थी।



उनके सानिध्य में आने वाले लोग अक्सर बैठक में शामिल होते थे। जन प्रतिनिधि भी उनके पास आकर लंबी बैठक में शिरकत करते थे। छोटे-बड़े सभी के चहेते रहे स्व.पद्मधर पति त्रिपाठी की यादें आज भी लोगों के जेहन में ताजी है। उनकी चर्चा शुरू होते ही लोगों की आंखे नम हो जाती हैं। साथ ही यह भी कहना नहीं भूलते कि पत्रकारिता जगत में उनका सरल एवं सहज व्यक्तित्व हमेशा यादगार रहेगा।

# वन परिक्षेत्र चुरहट में दो तेंदुए पाए गए मृत

## शिकार में संलिप्त तीन आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज


**चुरहट 6 जनवरी। वनमंडल सीधी के अंतर्गत वन परिक्षेत्र चुरहट के बीट चुरहट क्षेत्र में दिनांक 04 जनवरी 2026 को गश्ती के दौरान सुरक्षा श्रमिकों द्वारा दो तेंदुए मृत अवस्था में पाए गए। सूचना प्राप्त होते ही वन विभाग के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।**

मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त रीवा के निर्देशन एवं वनमंडल अधिकारी सीधी के मार्गदर्शन में उप वनमंडल अधिकारी मझौली तथा वन परिक्षेत्र चुरहट द्वारा निर्धारित मानक कार्यप्रणाली (एसओपी) के अनुसार कार्रवाई की गई। निर्धारित प्रोटोकॉल के तहत मृत तेंदुओं का पोस्टमार्टम कराया गया एवं तत्पश्चात नियमानुसार शवदाह किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए संजय टाइगर रिजर्व सीधी एवं वनमंडल सतना से डॉग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंची। वन परिक्षेत्र चुरहट के स्टाफ एवं वनमंडल सीधी के अन्य कर्मचारियों द्वारा घटना स्थल एवं आसपास के क्षेत्रों में सघन छानबीन की गई। जांच के दौरान शिकार में संलिप्त तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिन्हें न्यायालय चुरहट के समक्ष प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा तीनों आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

# जिपं सीईओ ने 107 आवेदकों की समस्याएं सुनीं, समय पर निराकरण के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 जनवरी। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने जिले के दूरस्थ एवं ग्रामीण अंचलों से आए 107 आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों से तत्काल समन्वय स्थापित कर शिकायतों की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा उनके समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और प्रभावी निराकरण के निर्देश दिए।**



अपर कलेक्टर के निर्देशानुसार सभी आवेदकों को मौके पर ही पावती भी उपलब्ध कराई गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने सभी विभाग प्रमुखों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन आवेदनों में समय-सीमा निर्धारित है, उन्हें स्वयं संज्ञान में लेते हुए प्राथमिकता के साथ निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा संबंधित शिकायतकर्ता को निराकरण की जानकारी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए। जनसुनवाई के दौरान हितग्राहीमूलक योजनाओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों को दृष्टिगत रखते हुए जिला पंचायत सीईओ ने विभाग प्रमुखों को योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रत्येक स्तर पर नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाओं के संचालन में आ रही समस्याओं की समय रहते पहचान कर समाधान किया जाए तथा प्रत्येक पात्र हितग्राही को शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शासन द्वारा जनसुनवाई का आयोजन आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से किया जाता है, इसलिए इसे पूरी गंभीरता से लेते हुए सभी प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास राकेश शुक्ला, डिप्टी कलेक्टर प्रियल सिंह सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं जिले के समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

# आनंद उत्सव-2026 के आयोजन को लेकर हुई बैठक

## कुसमी में उपखंड स्तरीय समिति की बैठक का हुआ आयोजन



नवभारत न्यूज

**कुसमी 6 जनवरी। आनंद उत्सव 2026 के सफल आयोजन के लिए उपखंड स्तरीय समिति की बैठक आज उपखंड कार्यालय कुसमी के सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी कुसमी विकास कुमार आनंद ने की।**

बैठक में तहसीलदार कुसमी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी, बीआरसीसी कुसमी, नायब तहसीलदार कुसमी, सहायक यंत्री जनपद पंचायत कुसमी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, महिला बाल विकास अधिकारी, एनआरएलएम प्रबंधक, समस्त पंचायत समन्वय अधिकारी, उपयंत्री, ब्लॉक समन्वयक आवास, पेशा, पंचायती राज विभाग सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक में उपखंड अधिकारी द्वारा आनंद उत्सव के आयोजन के शासन के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए कार्यक्रम के सुचारू एवं व्यापक आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उन्होंने निर्देशित किया कि आनंद उत्सव का आयोजन 14 जनवरी से 24 जनवरी 2026 के मध्य समस्त ग्राम पंचायतों में किया जाए। तीन-तीन ग्राम पंचायतों को मिलाकर एक कलस्टर बनाते हुए कलस्टर मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में परम्परागत खेलकूद, सांस्कृतिक गतिविधियां एवं स्थानीय स्तर के अन्य आयोजन सम्मिलित किए जाएंगे, जिनमें ग्रामीणजन, महिलाएं, पुरुष एवं बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए, जिसके लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएंगे। विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम के आयोजन हेतु नायब तहसीलदार अमित दुबे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। विकासखंड स्तरीय आनंद उत्सव का आयोजन 28 जनवरी 2026 को किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुसमी द्वारा कार्यक्रम आयोजन हेतु कलस्टर का चिन्हांकन कर निर्धारित पोर्टल पर कार्यक्रम की फीडिंग सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही खंड स्तरीय विभाग प्रमुख शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं बीआरसीसी द्वारा कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# माध्यमिक शिक्षा मंडल की परीक्षाओं से जुड़ी सेवाएं अत्यावश्यक घोषित

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 जनवरी। जिला शिक्षा अधिकारी पवन सिंह ने जानकारी दी है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा 7 फरवरी 2026 से तथा हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 11 फरवरी 2026 से प्रारंभ होने जा रही है। इन परीक्षाओं के संचालन में मंडल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े शिक्षक एवं अन्य शैक्षणिक कर्मचारी भी सम्मिलित रहते हैं।**

उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी राज्य शासन द्वारा परीक्षा संचालन से संबंधित सेवाओं को मध्यप्रदेश अत्यावश्यक सेवा संधारण तथा विच्छिन्नता निवारण अधिनियम, 1979 के अंतर्गत अत्यावश्यक सेवाएं घोषित किया गया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी राजपत्र दिनांक 23 दिसम्बर 2025 के अनुसार 1 फरवरी 2026 से 30 अप्रैल 2026 तक की अवधि के लिए ये सेवाएं अत्यावश्यक घोषित रहेंगी। अधिसूचना के अनुसार मंडल परीक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार के कर्तव्य से इंकार करने पर संबंधित व्यक्ति दंड का भागी होगा। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा वर्ष 2026 की परीक्षाओं में प्रायोगिक परीक्षा, मूल्यांकन कार्य, मूल्यांकन केन्द्रों पर नियुक्त अधिकारी-कर्मचारी, केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक, प्रेक्षक, उत्तर पुस्तिका संकलन अधिकारी, मूल्यांकन केन्द्र अधिकारी तथा मूल्यांकन कार्य में नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं शिक्षक वर्ग को अत्यावश्यक सेवा में सम्मिलित किया गया है।

यदि कोई व्यक्ति परीक्षा संचालन, मूल्यांकन कार्य या मंडल के अन्य किसी भी परीक्षा संबंधी कार्य को करने से इंकार करता है अथवा उसमें बाधा उत्पन्न करता है, तो उसके विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि किसी शाला के प्राचार्य द्वारा मंडल परीक्षा संचालन अथवा मूल्यांकन कार्य में नियुक्त अधिकारी या कर्मचारी को मंडल कार्य हेतु कार्यमुक्त नहीं किया जाता है, तो ऐसे प्राचार्य एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी भी राजपत्र में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत दंड

# जिले में रोजगार मेले का होगा आयोजन

**सीधी।** सीईओ एवं अतिरिक्त मिशन संचालक जिला सीधी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी ने जानकारी दी है कि बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से म.प्र. डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन कार्यालय सीधी के माध्यम से पीएसएफ सर्विस ट्रेनिंग एकेडमी छतरपुर द्वारा विकासखण्डवार एवं पंचायतवार रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा जवान पद हेतु न्यूनतम योग्यता 8वीं उत्तीर्ण अथवा अनुत्तीर्ण, न्यूनतम लंबाई 175 सेमी. एवं आयु सीमा 20 से 35 वर्ष निर्धारित की गई है।

# सीधी चैलेंज कप सीजन-9 : अपना फिलिंग मुंबई 9 विकेट से जीत कर रांची को किया परास्त

## कुंवर एंड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन-9 के तीसरे दिन के मैच में कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची और अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब के बीच हुआ एक तरफा मुकाबला

नवभारत न्यूज

**सीधी 6 जनवरी। अखिल भारतीय आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट कुंवर एण्ड ब्रदर्स सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के आज स्थानीय छत्रसाल स्टेडियम में कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची झारखण्ड और अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब के मध्य हुए तीसरे दिन के मैच के रोमांचक मुकाबले में 9 विकेट से अपनी एकतरफा जीत दर्ज कर मुंबई क्रिकेट क्लब ने कमला कॉलेज रॉक मेंस रांची को खेल से बाहर किया।**







आज तीसरे दिन का मैच छत्रसाल स्टेडियम में अखिल भारतीय क्रिकेट टूर्नामेंट सीधी चैलेंज कप स्पोर्ट समिति के अध्यक्ष डॉ.अनूप मिश्रा द्वारा मुंबई क्रिकेट क्लब के फ्रेंचाइजी विनय सिंह परिहार अपना फिलिंग स्टेशन और रॉक मेंस रांची के फ्रेंचाइजी नीरज शर्मा कमला कॉलेज की गरिमामय उपस्थित में दोनों टीमों के कप्तानों द्वारा किया गया। टॉस जीतकर रांची ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कमला कालेज रॉक मेंस रांची पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.2 ओव्हर में 10 विकेट के नुकसान के साथ 151 रनों का लक्ष्य मुंबई क्रिकेट क्लब अपना फिलिंग स्टेशन के सामने रखा। जिसमे हर्ष ने 5 चौके और एक छक्का लगाते हुए 40 रनों की तथा नितेश यादव 5 चौके लगाते हुए 38 रनों की शानदार पारी खेली और चिराग साधवानी मात्र 33 रन देकर 5 विकेट झटके। जबावी पारी में अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब द्वारा पहले गेंद पर पहला विकेट खोने के बाद शानदार बल्लेबाजी अमन यादव 76 रन और अभिषेक शर्मा 62 रन बनाते हुए आज का मैच अपने नाम कर लिया। आज के मैच में अंपायर के रूप में राकेश सिंह चंदेल और जितेन्द्र गुप्ता रहे। स्कोरर बी कृष्ण कुमार, हर्ष गुप्ता रहे। कमेंटेटर के रूप में प्रेम कुमार, बालेन्द्र कुशवाहा और सौरभ सिंह रहे।

### मुंबई और भदोही यूपी के बीच होगा आज मैच





छत्रसाल स्टेडियम सीधी में सीधी चैलेंज कप सीजन 9 के पूल ए का चौथा मैच अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब और समय प्रेस एनएनएस क्रिकेट अकादमी भदोही यूपी के बीच बुधबार को सुबह 10 बजे से खेला जाएगा। मुंबई दो मैच खेल कर एक मैच जीत चुकी है और एनएनएस भदोही यूपी के लिए यह पहला मैच होगा। एक तरफ मुंबई इस मैच को जीतकर अपना स्थान मैच में बनाने का प्रयास करेगी, वहीं एनएनएस भदोही यूपी का भी प्रयास रहेगा कि पहले मैच में जीत दर्ज करें जिससे यह मैच काफी रोमांचक रहेगा।

### चिराज के नाम हुआ प्रताप मार्बल मैन ऑफ द मैच





सीधी चैलेंज कप सीजन 9 का तीसरा मैच रॉक मेंस रांची और मुंबई क्रिकेट क्लब के बीच खेला गया। यह मैच प्रारंभ से ही काफी रोमांचक रहा। रोमांचक मुकाबले में मुंबई क्रिकेट क्लब को एक तरफा जीत मिली। अपना फिलिंग स्टेशन मुंबई क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी चिराज साधवानी जिन्होंने केवल 33 रन देकर 5 विकेट लिए को पूर्व नपाध्यक्ष सीधी देवेन्द्र सिंह मुन्नू, मुंबई टीम के फ्रेंचाइजी अपना फिलिंग के संचालक विनय सिंह परिहार, मुंबई क्रिकेट क्लब के कोच अजय राजपूत, पूर्व क्रिकेटर सुधीर सिंह की गरिमामय उपस्थिति में मैन ऑफ द मैच प्रताप मार्बल की ओर से राजेश सिंह द्वारा दिया गया।